आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- सर्वोच्च न्यायालय ने देश में पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत कोई नया मुकदमा दर्ज न करने का आदेश दिया।
- उत्तराखंड सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के पहले आठ महीनों में 650 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया, राजस्व प्राप्ति पिछले वर्ष के आठ माह की तुलना में सौ प्रतिशत अधिक।
- आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने ठंड के मौसम में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने सबसे कम उम्र में विश्व शतरंज चौम्पियनिशप जीतकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना की।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देश में पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने लंबित मामलों में शीर्ष अदालत के अगले आदेश तक कोई अंतिम या प्रभावी आदेश पारित नहीं करने का भी आदेश दिया। देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता में विशेष पीठ ने केंद्र सरकार से 1991 अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चार सप्ताह के भीतर अपना उत्तर देने को कहा। इन याचिकाओं में पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने या उसमें बदलाव की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

राजस्व प्राप्ति

उत्तराखंड सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के पहले आठ महीनों में 650 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग सौ प्रतिशत अधिक है। राजस्व बढ़ने का मुख्य कारण खनिज विभाग में पारदर्शिता बताया जा रहा है, जिसके तहत अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए कई उपाय किए गए हैं।

समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशक्त उत्तराखंड 2025 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 2027 तक राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए सभी विभागों को अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के अनुसार तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, बागवानी, ऊर्जा, पर्यटन और आयुष जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाओं पर ध्यान देने की बात कही।

स्वीकृति

राज्य में सभी दिव्यांगजनों को अगले वर्ष के विश्व दिव्यांग दिवस तक विशेष कैम्पों के माध्यम से निःशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में की गई इन घोषणाओं की स्वीकृति दे दी है।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां भी दीं, जिनमें पिथौरागढ़ के अस्पताल, सड़कें और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए धनराशि की स्वीकृति शामिल है।

लॉन बॉल कैंप निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के पवेलियन मैदान में चल रहे लॉन बॉल कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने खुद भी लॉन बॉल खेलकर खिलाड़ियों को प्रेरित किया और आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां

हल्द्वानी में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां तेजी के साथ चल रही है। 38वें राष्ट्रीय खेलों में गौलापार स्टेडियम में फुटबॉल, खो–खो, तैराकी, माडर्न ट्राइथलॉन, तलवारबाजी आदि खेलों का आयोजन प्रस्तावित है। कोच पूनम सिरौला ने बताया कि सर्दियों में तैराकी प्रतियोगिता होने की वजह से ऑल वेदर पूल बनाया जाना है। इसलिए इसमें तीन हीटिंग प्लांट लग गए हैं, और चार और हीटिंग प्लांट का काम प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर तक सभी कार्य पूरे कर लिए जांएगे।

अवैध गैस रिफिलिंग

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग के संबंध में मिली शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बढ़ती शिकायतों पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर घरेलू गैस की कालाबाजारी, घटतोली, और अवैध रिफिलिंग को रोका जाए।

## बैठक

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने शीतकालीन यात्रा को लेकर सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। शीतलहर से बचाव के लिए प्रदेशभर में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतलहर से निपटने के लिए धनराशि मुहैया कराई है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि देने का निर्देश भी दिया है। उन्होंने कहा कि यदि बर्फबारी के कारण मार्ग बाधित होते हैं तो यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने की व्यवस्था की जाए। रैन बसेरों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और यदि कोई एनजीओ मदद के लिए सामने आते हैं, तो उनका सहयोग लिया जाए। साथ ही, ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े और कंबल आदि दान करने के लिए आम जनमानस को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने बेसहारा पशुओं की सुरक्षा और गर्भवती महिलाओं को शीतकालीन यात्रा के दौरान सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था करने को भी कहा। आपदा प्रबंधन सचिव ने बर्फबारी के कारण बंद होने वाले मार्गों पर आवश्यक मशीनों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

## भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कल उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के सदस्यों और पंडा पुजारियों ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा शीतकालीन यात्रा के लिए की गई अभिनव पहल के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित संस्थाओं और अधिकारियों को सहयोगी बनना होगा। शीतकालीन यात्रा से राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि चारों धामों के शीतकालीन यात्रा स्थलों के आसपास के प्रमुख तीर्थ स्थलों को विकसित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## विश्व शतरंज चैम्पियन– डी० गुकेश

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी.गुकेश विश्व शतरंज चैम्पियन बन गए है। उन्होंने सिंगापुर में वर्तमान चौम्पियन चीन के डिंग लिजेन को 14वीं बाजी में हराकर खिताब जीता। भारत के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शतरंज में सबसे कम उम्र के विश्व्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया है। डी.गुकेश ने 18 वर्ष की आयु में खिताब देश के नाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जनदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डी. गुकेश को सबसे कम उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुकेश ने पूरे देश को इस जीत से गौरान्वित किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि विश्व शतरंज में भारत के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने गुकेश को भविष्य में और सफलताएं प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व शतरंज चौंपियनशिप का खिताब जीतने पर डी. गुकेश को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने नगर क्षेत्र में प्रत्येक दिन सफाई कार्यो की स्वयं देखरेख करने के साथ ही नगर क्षेत्र में कूडा प्रबंधन के लिए ठोस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने पॉलीथीन उन्मूलन के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कपड़े के बैग तैयार करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर—

एक देश एक चुनाव विधेयक पर केंद्रीय कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्राथमिकता दी है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है— एक देश एक चुनाव विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी, दैनिक जागरण ने सब हेडलाइन में लिखा है— सदन के वर्तमान शीतकालीन सत्र में ही विधेयक पेश कर सकती है सरकार।

विश्य आयुर्वेद सम्मेलन की ख़बर सभी अखबारों की सुर्खियों में है। योग नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड। इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है—योग नीति लागू करने की ओर अग्रसर है सरकार, गांव स्तर तक आयुष औषधि केंद्र बनाए जाएंगे।

पंचायतों के प्रशासकों की जिम्मेदारी में कुछ बदलाव किया गया है। दैनिक जागरण लिखता है—पंचायतों में भी निवर्तमान प्रधान व ब्लॉक प्रमुखों को बनाया प्रशासक। खबर में लिखा है कि पूर्व में प्रशासकों को लेकर जारी की गई अधिसूचना को किया निरस्त, हरिद्वार को छोड़ सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में निवर्तमान प्रधान, और क्षेत्र पंचायतोंमें ब्लाक प्रमुख होंगे प्रशासक।

प्रदेश में बढ़ती ठंड के बीच रैन बसेरों में पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के हवाले से अमर उजाला की ख़बर है— रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था करें।